Marking Scheme Strictly Confidential (For Internal and Restricted use only) Senior Secondary School Supplementary Examination, 2025 SOCIOLOGY(039) Q.P. CODE 62/S	
General Instructions: -	
1	You are aware that evaluation is the most important process in the actual and correct assessment of the candidates. A small mistake in evaluation may lead to serious problems which may affect the future of the candidates, education system and teaching profession. To avoid mistakes, it is requested that before starting evaluation, you must read and understand the spot evaluation guidelines carefully.
2	**"Evaluation policy is a confidential policy as it is related to the confidentiality of the examinations conducted, Evaluation done and several other aspects. Its' leakage to public in any manner could lead to derailment of the examination system and affect the life and future of millions of candidates. Sharing this policy/document to anyone, publishing in any magazine and printing in News Paper/Website etc may invite action under various rules of the Board and IPC."**
3	Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In class-XII, while evaluating two competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.**
4	The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly.
5	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after deliberation and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6	Evaluators will mark(√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totaled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.
8	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.

10	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11	A full scale of marks _____80_____(example 0 to 80/70/60/50/40/30 marks as given in Question Paper) has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Guidelines).
13	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. Wrong question wise totaling on the title page. ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0) Marks.
15	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totaled and written in figures and words.
18	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

MARKING SCHEME
SOCIOLOGY

Set-4

	खण्ड क	
1	A	1
2	B	1
3	D	1
4	B	1
5	D	1
6	B	1
7	C	1
8	A	1
9	C	1
10	C	1
11	D	1
12	B	1
13	A	1
14	B	1
15	B	1
16	B	1
	खण्ड ख	
17.	"आश्चर्यजनक तथ्य तो यह है कि निम्नतम बाल स्त्री-पुरुष अनुपात भारत के सबसे अधिक समृद्ध क्षेत्रों में पाए जाते हैं। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, इसी तरह महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी प्रति व्यक्ति आय बहुत उच्च्व है, लेकिन इन्हीं राज्यों में बाल स्त्री-पुरुष अनुपात बहुत निम्न है (तदर्थ)। इसलिए चयनात्मक गर्भपातों की समस्या गरीबी या अज्ञान अथवा संसाधनों के अभाव के कारण उत्पन्न नहीं हुई है।" **चयनात्मक गर्भपात, भारत के सबसे अधिक समृद्ध क्षेत्रों में क्यों पाए जाते हैं?** **उत्तर.** • कभी-कभी आर्थिक दृष्टि से समृद्ध परिवार अपेक्षाकृत कम अक्सर एक या दो बच्चे उत्पन्न करना चाहते हैं । • वह अपनी पसंद के अनुसार ही लड़का या लड़की पैदा करना चाहेंगे अल्ट्रासाउंड प्रौद्योगिकी की उपलब्धता के कारण ऐसा करना संभव हो गया है।	1+1=2
18.	**क्या भारत में क्षेत्रीय तथा जनजातीय राष्ट्रीय पहचान और राज्यत्व के निर्माण के लिए भाषा ही एकमात्र अत्यंत सशक्त साधन है? अपने उत्तर की उचित कारण से पुष्टि कीजिए।** **उत्तर.** • नहीं, भारत में क्षेत्रीय तथा जनजातीय राष्ट्रीय पहचान और राज्यत्व के निर्माण के लिए भाषा ही एकमात्र अत्यंत सशक्त साधन नहीं है।	1+1=2

	• कारण:- सन 2000 में तीन नए राज्यों अर्थात छत्तीसगढ़ उत्तरांचल और झारखंड के निर्माण में भाषा ने कोई प्रमुख भूमिका अदा नहीं की. बल्कि जनजातीय पहचान भाषा क्षेत्रीय वंचन और परिस्थितिकी पर आधारित नृजातीयता ने मिलकर तीव्र क्षेत्रीयता को आधार प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरुप नए राज्यों की स्थापना हुई। अथवा **"अल्पसंख्यक समूह को किसी एक अर्थ में तो सुविधावंचित कहा जा सकता है, लेकिन दूसरे अर्थ में नहीं।" उपयुक्त उदाहरणों के साथ कथन का समर्थन कीजिए।** **उत्तर.** • उदाहरण:- पारसियों या सिखों जैसे धार्मिक अल्पसंख्यक वर्ग आर्थिक दृष्टि से अपेक्षाकृत संपन्न हो सकते हैं। • लेकिन वह फिर भी सांस्कृतिक अर्थ में सुविधा वंचित हो सकते हैं क्योंकि हिंदुओं की विशाल जनसंख्या की तुलना में उनकी संख्या कम है बहुसंख्यक वर्ग के जनसंख्या की है जनसांख्यकीय प्रभुत्व के कारण धार्मिक अथवा सांस्कृतिक अल्पसंख्यकों को विशेष संरक्षण की आवश्यकता होती है।	
19.	**"गाँधी ने प्रतिदिन के जन उपभोग की चीज़ों को चुना और उन्हें प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया।"** **दो प्रतीकों की पहचान कीजिए और प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में किसी एक का उपयोग दिखाइए।** **उत्तर.** • गांधी ने प्रतिदिन के जन उपभोग की चीजों जैसे कपड़ा और नमक को चुना और उन्हें प्रतिरोध का प्रतीक बना दिया। • महात्मा गांधी ने भारत में कपास उगाने वालों तथा बुनकरों की जीविका जो सरकार की मिल में तैयार कपड़ों की तरफदारी करने की नीति से नष्ट हो गई थी के समर्थन में हाथ से हाथ से कता तथा बुना वस्त्र खादी पहना। • नमक बनाने के लिए बहुचर्चित दांडी यात्रा अंग्रेजों की कर नेशन जिसमें उपभोग की मूलभूत सामग्री के उपभोक्ताओं पर साम्राज्य को लाभ पहुंचाने के लिए बहुत अधिक भार डाला गया था के खिलाफ एक विरोध था। (कोई दो)	1+1=2
20.	**धनी किसान अक्सर फसल काटने के लिए प्रवासन वाले मजदूरों को प्राथमिकता क्यों देते हैं?** **उत्तर.** • प्रवासी मजदूरों का आसानी से शोषण किया जा सकता है।	1+1=2

	• प्रवासी मजदूरों को कम मजदूरी भी दी जा सकती है। अथवा **बेनामी हस्तांतरण से भूस्वामी किस प्रकार अपनी भूमि पर नियंत्रण बनाए हुए थे?** **उत्तर.** अधिकांश जगीरो ने अधिकांश परिवारों घरानो ने अपनी भूमि को राज्यों को देने से बचा लिया था। कुछ स्थानों पर कुछ अमीर किसानों ने अपनी पत्नी को वास्तव में तलाक दे दिया (परंतु उसी के साथ रहते रहे) सीलिंग अधिनियम की व्यवस्था से बचने के लिए जो की एक अविवाहित महिला को अलग हिस्सा देने की अनुमति देता है लेकिन पत्नियों को नहीं इन्हें बेनामी हस्तांतरण भी कहा जाता था।	2
21.	"भूमि संपत्ति का एक महत्त्वपूर्ण प्रकार भी है। लेकिन भूमि न तो केवल 'उत्पादन का साधन' है और न ही केवल 'संपत्ति का एक प्रकार'। न ही केवल कृषि है जो कि उनकी जीविका का एक प्रकार है।" **उदाहरण देते हुए कृषि एवं संस्कृति के बीच का घनिष्ठ संबंध दिखाइए।** **उत्तर.** भारत के विभिन्न क्षेत्रों में नव वर्ष के त्यौहार जैसे तमिलनाडु में "पोंगल", आसाम में "बीहू", पंजाब में "बैसाखी", कर्नाटक में "उगाड़ी" यह सब मुख्य रूप से फसल काटने के समय मनाए जाते हैं और नए कृषि मौसम के आने की घोषणा करते हैं।	2
22.	"भारत में सूचना तकनीक की वृद्धि को वर्णित करने के लिए प्रायः एक सूक्ति सुनने में आती है 'नॉलेज इकॉनोमी' (ज्ञान आर्थिकी), लेकिन आप एक किसान की दक्षता की तुलना किससे करेंगे जो यह जानता है कि कई सौ फसलों को कैसे उगाया जाता है। क्या आप उसकी मौसम, मिट्टी और बीज की समझ पर विश्वास करेंगे या कि एक सॉफ्टवेयर व्यवसायी पर?" **'नॉलेज इकॉनोमी' पर हैरी ब्रेवरमैन क्या कहते हैं?** **उत्तर.** ब्रेवरमैन यह तर्क देते हैं कि वास्तव में मशीनों का प्रयोग कार्यकर्ताओं की दक्षता को काम करता है, उदाहरण के लिए पहले वास्तुकार को नक्काशी में दक्षता भी हासिल थी परंतु अब कंप्यूटर उनके बहुत से काम काम कर देता है।	2
23.	"अब भारतीय दुकानों पर विदेशी वस्तुएँ आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं। उदारीकरण के परिणामस्वरूप बहुत सी भारतीय कंपनियों छोटी एवं बड़ी को बहुदेशीय कंपनियों ने खरीद लिया है। साथ ही कुछ भारतीय कंपनियाँ बहुदेशीय कंपनियाँ-छोटी एवं बड़ी बन गई हैं।" **विनिवेश किसे कहते हैं? सरकारी कर्मचारी इससे भयभीत क्यों हैं?** **उत्तर.**	1+1=2

	• सरकार सार्वजनिक कंपनियों के अपने हिस्सों को निजी क्षेत्र की कंपनियों को बेचने का प्रयास कर रही है, जिसे विनिवेश कहा जाता है। • कई सरकारी कर्मचारी इससे भयभीत हैं कि कहीं विनिवेश के कारण उनकी नौकरी न चली जाए। • 'माडर्न फूड' जिसे सरकार ने स्वास्थ्यवर्धक सस्ता खाना उपलब्ध कराने के लिए बनाया था, और वह निजीकरण की जाने वाली पहली कंपनी थी, ने 60 प्रतिशत कर्मचारियों को पहले पाँच वर्षों में जबरन सेवामुक्त कर दिया। (कोई दो)	
24.	"जाति भारतीय उपमहाद्वीप से जुड़ी अनूठी संस्था है। हालाँकि विश्व के अन्य भागों में भी समान प्रभाव उत्पन्न करने वाली सामाजिक व्यवस्थाएँ पाई जाती हैं, परंतु जाति व्यवस्था अपने आप में अपवाद ही है। हालांकि, यह हिन्दू समाज की संस्थात्मक विशेषता है, पर इसका प्रचलन भारतीय उपमहाद्वीप के अन्य धार्मिक समुदायों में भी फैला हुआ है।" **वर्ण और जाति के बीच का अंतर बताइए।** **उत्तर.** • "वर्ण" जिसका शाब्दिक तात्पर्य है रंग समाज के ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र इन चार श्रेणियां के विभाजन को वर्ण कहा जाता है। • वर्ण को एक अखिल भारतीय सामूहिक वर्गीकरण के रूप में समझा जा सकता हैं। • जाति एक व्यापक शब्द है जो किसी भी चीज के प्रकार या वंश किस स्पीशीज को संबोधित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है इसमें अचेतन वस्तुओं से लेकर पेड़ पौधों जीव जंतु और मनुष्य भी शामिल होते हैं। • जाति को क्षेत्रीय या स्थानीय अप वर्गीकरण के रूप में समझा जा सकता है। (प्रत्येक में से कोई एक)	1+1
25.	"हममें से हर कोई एक परिवार में उत्पन्न हुआ है और हममें से अधिकांश लोग परिवार में अनेक वर्ष बिताते हैं। आमतौर पर हम अपने परिवार से गहरा लगाव महसूस करते हैं। कभी-कभी हम अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, सहोदर भाई-बहनों, चाचा-चाची, मामा-मामी तथा चचेरे, ममेरे भाई बहनों के बारे में बहुत लगाव महसूस करते हैं, जबकि दूसरों के बारे में हम ऐसा महसूस नहीं करते।" **प्रभुत्त्व के आधार पर परिवार के विविध रूपों की व्याख्या कीजिए।** **उत्तर.** • पितृतंत्रात्मक परिवार संरचना में पुरुषों की सत्ता व प्रभुत्व होता है। • मातृतंत्रात्मक परिवार संरचना में स्त्रियाँ समान प्रभुत्वकारी भूमिका निभाती हैं।	1+1

	खण्ड ग	
26.	"विकास की अनिवार्यताओं ने जनजातियों के प्रति राज्य के रुख या अभिवृतियों को शासित किया है और राज्य की नीतियों को आकार दिया है।" **राष्ट्रीय विकास और जनजातीय विकास के बीच संघर्ष के स्रोतों पर प्रकाश डालिए।** • **उत्तर.** • "चूंकि जनजातीय क्षेत्र देश के खनिज संपन्न और वनाच्छादित भागों में स्थित थे, इसलिए जनजातीय लोगों को शेष भारतीय समाज के विकास के लिए अनुपात से कहीं अधिक कीमत चुकानी पड़ी।" • इस प्रकार के विकास से जनजातियों की हानि की कीमत पर मुख्यधारा के लोग लाभान्वित हुए। • खनिजों के दोहन और जल विद्युत संयंत्रों की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थलों का उपयोग, जिनमें से अनेक स्थल जनजातीय क्षेत्रों में स्थित थे, का एक अनिवार्य उपउत्पाद यह था कि - जनजातीय लोगों से उनकी ज़मीनें छीने जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई। • अधिकांश जनजातीय समुदाय वनों पर आश्रित थे, इसलिए वन छिन जाने से उन्हें भारी धक्का लगा। • सबसे हालिया उदाहरण नर्मदा पर बनाए जा रहे बांधों की श्रृंखला है, जहाँ लागत और लाभ अधिकांशतः विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों में असमान रूप से वितरित होते प्रतीत होते हैं। • ज़मीनों पर निजी मालिकाना हक (स्वामित्व) दिए जाने से भी जनजातीय लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा क्योंकि उनके यहाँ समुदाय आधारित सामूहिक स्वामित्व की प्रथा थी। • जनजातीय लोगों की घनी आबादी वाले अनेक क्षेत्रों और राज्यों को विकास के दबाव के कारण गैर– जनजातीय लोगों के भारी संख्या में अप्रवास (आकर बसने) की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। इससे जनजातीय समुदायों के छिन्न–भिन्न होने और दूसरी संस्कृतियों के हावी हो जाने का खतरा पैदा हो गया है। उदाहरण के लिए, झारखंड, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश। (कोई चार)	1+1+1+1=4
27.	यह सच है कि कठोर परिश्रम तथा व्यक्तिगत योग्यता महत्त्वपूर्ण है। यदि बाकी सभी चीजें बराबर हों, तब व्यक्तिगत प्रयास, योग्यता एवं भाग्य ही व्यक्तियों के बीच के अंतर के लिए उत्तरदायी है। लेकिन	1+1+1+1=4

	जैसाकि हमेशा होता है सभी चीजें एक समान नहीं होती हैं। प्रत्येक समाज में कुछ लोगों के पास धन, संपदा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शक्ति जैसे मूल्यवान संसाधनों का दूसरों की अपेक्षा ज्यादा बड़ा हिस्सा होता है।" **सामाजिक संसाधनों को पूँजी के तीन रूपों में कैसे विभाजित किया जाता है? समझाइए। क्या पूँजी के यह रूप आपस में घुले-मिले होते हैं? अपने उत्तर के लिए कारण बताइए।** **उत्तर.** यह सामाजिक संसाधन पूंजी के तीन रूपों में विभाजित किए जा सकते हैं : • भौतिक संपत्ति एवं आय के रूप में आर्थिक पूंजी; • प्रतिष्ठा और शैक्षणिक योग्यताओं के रूप में सांस्कृतिक पूंजी; • सामाजिक संगतियों एवं संपर्कों के जाल के रूप में सामाजिक पूंजी । पूंजी के ये तीनों रूप अक्सर आपस में घुले-मिले होते हैं, तथा एक को दूसरे में बदला जा सकता है। उदाहरण के लिए, एक संपन्न परिवार का व्यक्ति अपनी आर्थिक पूंजी के ज़रिए महंगी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकता है; इस तरह वह अपनी आर्थिक पूंजी को सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक स्वरूप दे सकता है। उसी प्रकार एक अन्य व्यक्ति अपने प्रभावशाली मित्रों व संबंधियों (यानि अपनी सामाजिक पूंजी) के ज़रिए अच्छी सलाह, सिफारिश या जानकारी पा सकता है और इनके द्वारा एक अच्छी आय वाली नौकरी पाकर सामाजिक पूंजी को आर्थिक पूंजी में बदल सकता है।	
28.	"भारत में सस्ते यूरोपीय कपड़ों के थान और बर्तनों का अबाध और तीव्र गति से आयात और पश्चिमी रूपरेखा वाले उद्योगों के भारत में ही लग जाने के बाद भारत के ग्रामीण उद्योगों का लगभग सफ़ाया ही हो गया।" **ब्रिटिश औद्योगीकरण ने भारत के कुछ क्षेत्रों में औद्योगिक क्षरण (डीइंडस्ट्रियलाइजेशन) को कैसे जन्म दिया?** **उत्तर.** • भारत में कुछ पुराने, परंपरागत नगरीय केंद्रों का भी पतन हो गया। • जिस तरह ब्रिटेन में उत्पादन व निर्माण में चढ़ाव आया, उसके विपरीत भारत में गिरावट आई। परंपरागत ढंग से होने वाले रेशम और कपास का उत्पादन और निर्यात 'मैनचेस्टर प्रतियोगिता' में गिरता चला गया। • भारत के प्राचीन नगर, जैसे सूरत और मसुलीपट्नम जहाँ से व्यापार हुआ करता था, का अस्तित्व कमजोर होने लगा जबकि आधुनिक नगर जैसे बंबई और मद्रास जो उपनिवेशवादी शासन में प्रचलित हुए, मजबूत होते गए। • भारतीय राज्यों पर ब्रिटिश अधिकार के बाद तंजौर, ढाका, और मुर्शीदाबाद की राजसभाओं का विघटन हो गया। फलतः इन राजसभाओं के संरक्षण में कार्यरत कारीगर, कलाकार और कुलीन	1+1+1+1=4

	लोगों का भी पतन हुआ। • ब्रिटेन में औद्योगीकरण के प्रभाव से ज़्यादातर लोग नगरों में आए लेकिन इसके विपरीत भारत में ब्रिटिश औद्योगीकरण के प्रारंभिक समय में ज़्यादातर लोगों को कृषि की ओर जाना पड़ा। (कोई चार) अथवा आजादी के बाद भारत में नगरीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखने लगा था। नगरीकरण अनेक प्रकारों से हो रहा था। इस पर विचार व्यक्त करते हुए समाजशास्त्री एम.एस.ए. राव ने लिखा है कि भारत के कई गाँव भी तेज़ी से बढ़ रहे नगरीय प्रभाव में आ रहे थे। **एम.एस.ए. राव द्वारा दी गई शहरी प्रभाव की अलग-अलग स्थितियों की व्याख्या कीजिए।** **उत्तर.** • सबसे पहले वे गाँव आते हैं जहाँ से अच्छी खासी संख्या में लोग दूरदराज के शहरों में रोज़गार ढूँढ़ने के लिए जाते हैं। वे उन शहरों में रहते हैं लेकिन उनके परिवार के सदस्य गाँवों में ही रहते हैं। • दूसरे प्रकार का शहरी प्रभाव उन गाँवों में देखा जाता है जो औद्योगिक शहरों के निकट स्थित हैं। • जब एक भिलाई जैसा औद्योगिक शहर उभरता है तो उसके आसपास के कुछ गाँवों की पूरी ज़मीन उस शहर का हिस्सा बन जाती है, जबकि कुछ गाँवों की आंशिक भूमि अधिग्रहित की जाती है। ऐसे शहरों में प्रवासी कामगार आते ही रहते हैं जिससे गाँवों में मकानों की माँग बढ़ जाती है और बाज़ार का विस्तार होता है। साथ ही साथ स्थानीय निवासियों और अप्रवासियों के बीच के संबंधों को संतुलित करने की समस्या भी उत्पन्न होती है। • महानगरों का उद्भव और विकास तीसरे प्रकार का शहरी प्रभाव है जिससे निकटवर्ती गाँव प्रभावित होते हैं। नगरों के विस्तार में कुछ सीमावर्ती गाँव पूरी तरह से नगर के प्रसार में विलीन हो जाते हैं, जबकि वे क्षेत्र जहाँ लोग नहीं रहते, नगरीय विकास के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं।	
29.	**घर पर कार्य करने वाले लोगों को चीज़ों के नग (पीस) के हिसाब से पैसे दिए जाते हैं। बीड़ी उद्योग का उदाहरण देते हुए, इस अवधारणा को समझाइए।** **उत्तर.** • घर पर कार्य करने वालों को चीज़ों के नग (पीस) के हिसाब से पैसे दिए जाते हैं, जो इस बात पर निर्भर करता है कि उन्होंने कितने नग (पीस) बनाए हैं। • ये कार्य मुख्य रूप से महिलाओं या बच्चों द्वारा किए जाते हैं। एक एजेंट (प्रतिनिधि) इन्हें कच्चा माल देता है और संपूर्ण कार्य को ले भी जाता है। • बीड़ी बनाने की प्रक्रिया जंगल के पास वाले गाँवों से शुरू होती है। वहाँ गाँव वाले तेंदु पत्ते तोड़कर जंगलात विभाग या निजी ठेकेदार को बेच देते हैं, जो कि इसे वापस जंगलात विभाग को बेच देता है।	1+1+1+1=4

	• औसतन एक आदमी दिन भर में 100 बंडल हरेक में)50 पत्ते होते हैंइकट्ठे कर सकता है। (सरकार बीड़ी कारखानों के मालिकों को ये पत्ते नीलाम कर देती है, जो वे ठेकेदारों को दे देते हैं। ठेकेदार इनमें तंबाकू भरने के लिए वापस घर पर काम करने वालों को दे देता है। • ये अधिकांशतः महिलाएँ होती हैं, ये पहले पत्तों को गीला करके गोलाकार कर देती हैं, फिर उसे काटती हैं, फिर तंबाकू भरकर उसे बाँध देती हैं। • ठेकेदार बीड़ियों को वहाँ से लेकर उसे उत्पादक को बेच देता है, जो इन्हें पकाता या सेकता है और अपने ब्रांड का लेबल लगा देता है। • उत्पादक इन्हें बीड़ियों के वितरक को बेच देता है, जो उन्हें थोक विक्रेताओं को देता है, और फिर यह आपके पड़ोस वाली पान की दुकान पर बेच दी जाती है। (कोई चार)	
30.	**"अनुष्ठानों में धर्मनिरपेक्ष लक्ष्यों से अलग धर्मनिरपेक्ष आयाम भी होते हैं।" स्पष्ट कीजिए।** **उत्तर.** • वस्तुतः अनुष्ठानों के पंथनिरपेक्ष आयाम पंथनिरपेक्षता के लक्ष्यों से पृथक होते हैं। इनसे पुरुषों और महिलाओं को अवसर मिलता है कि वो अपनी मित्रों से और अपनी उम्र से बड़े लोगों से भी घुलेंमिलें।- • कुछ अवसर पर अपनी संपत्ति, कपड़े और जेवर पहनकर उनका प्रदर्शन करते हैं। • पिछले कुछ दशकों से अनुष्ठानों के आर्थिक, राजनीतिक और प्रतिष्ठा आयामी पक्ष ज़्यादा उभर कर सामने आए हैं। दिखावे की प्रवृत्ति को इस बात से समझा जा सकता है कि शादी–ब्याह के अवसर पर घर के बाहर लगी मोटरकार की कतार और अति महत्त्वपूर्ण व्यक्ति (वी.आई.पी.) के मेहमान बनकर आने को उस परिवार की समृद्धि व विशेषता समझा जाता है। • स्थानीय समुदाय में ऐसे परिवारों को ऊँची नज़र से देखा जाता है।	1+1+1 +1=4
31.	"हम सब एक समुदाय के सदस्य के रूप में बड़े होते हैं जिससे हर अपने 'समुदाय' जाति, 'वर्ग' या "लिंग' के बारे में ही नहीं बल्कि इसके अलावा दूसरों के बारे में भी धारणाएँ बनाते हैं। यह धारणाएँ पूर्वाग्रह से ग्रस्त होती हैं।" **पूर्वाग्रह क्या हैं? क्या वे केवल नकारात्मक हो सकते हैं? अपने उत्तर का कारण दीजिए।** **उत्तर.** • पूर्वाग्रह एक समूह के सदस्यों द्वारा दूसरे समूह के बारे में पूर्व कल्पित विचार या व्यवहार होता है। इस शब्द का अक्षरशः अर्थ हैं पूर्वनिर्णय। • पूर्वाग्रह सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों हो सकता है। वैसे ज़्यादातर यह शब्द नकारात्मक	

	रूप से लिए गए पूर्वनिर्णयों के लिए इस्तेमाल होता है, पर यह स्वीकारात्मक पूर्वनिर्णयों पर भी लागू होता है। • एक पूर्वाग्रही व्यक्ति के पूर्वकल्पित विचार अक्सर सुनी–सुनाई बातों पर आधारित होते हैं, जो सबूत और साक्ष्यों के विपरीत होते हैं। ऐसे व्यक्ति नई जानकारी प्राप्त होने के बावजूद अपने विचारों को बदलने से इंकार कर देते हैं। • उदाहरणतया, एक व्यक्ति अपनी जाति और समूह के सदस्यों के पक्ष में पूर्वाग्रहीत हो सकता है और उन्हें बिना किसी सबूत के दूसरी जाति या समूह के सदस्यों से श्रेष्ठ मान सकता है।	
32.	"हमने देखा कि अधिकतर क्षेत्रों में भू-सुधार का ग्रामीण समाज तथा कृषिक संरचना पर एक सीमित प्रभाव ही है। इसके विपरीत 1960-70 के दशकों की हरित क्रांति द्वारा उन क्षेत्रों में जहाँ यह प्रभावशाली रही, महत्त्वपूर्ण परिवर्तन हुए।" **हरित क्रांति तथा उसके सामाजिक परिणामों की व्याख्या कीजिए।** **उत्तर.** 1960–70 के दशकों की हरित क्रांति द्वारा उन क्षेत्रों में जहाँ यह प्रभावशाली रही, महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। हरित क्रांति कृषि आधुनिकीकरण का एक सरकारी कार्यक्रम था। इसके लिए आर्थिक सहायता अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा दी गई थी तथा यह अधिक उत्पादकता वाले अथवा संकर बीजों के साथ कीटनाशकों, खादों तथा किसानों के लिए अन्य निवेश देने पर केंद्रित थी। **सामाजिक परिणाम** • नई तकनीक द्वारा कृषि उत्पादकता में अत्यधिक वृद्धि हुई। • हरित क्रांति के अधिकतर क्षेत्रों में मूल रूप से मध्यम तथा बड़े किसान ही नई तकनीक का लाभ उठा सके। • हरित क्रांति और इसके बाद होने वाले कृषि व्यापारीकरण का मुख्य लाभ उन किसानों को मिला जो बाज़ार के लिए अतिरिक्त उत्पादन करने में सक्षम थे। • नई तकनीक के लागू होने से ग्रामीण समाज में असमानताएँ बढ़ने का आभास हुआ। • सेवा प्रदान करने वाली जातियों के उन समूहों को भी बेदखल कर दिया जो इन कृषि संबंधी क्रियाकलापों को करते थे। इस बेदखली की प्रक्रिया ने ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों की ओर प्रवासन की गति को और भी बढ़ा दिया। • हरित क्रांति की अंतिम परिणति एक ऐसी प्रक्रिया थी जिसमें धनी अधिक धनी हो 'विभेदीकरण' गए तथा कई निर्धन पूर्ववत रहे या अधिक गरीब हो गए। • बाजारोन्मुखी कृषि में विशेषतः जब एक ही फसल उगाई जाती है, तो कीमतों में कमी अथवा	1+1+1+1=4

	खराब फसल से किसानों की आर्थिक बरबादी हो सकती है। • हरित क्रांति की रणनीति की एक नकारात्मक परिणति क्षेत्रीय असमानताओं में वृद्धि थी। वे क्षेत्र जहाँ यह तकनीकी परिवर्तन हुआ, अधिक विकसित हो गए जबकि अन्य क्षेत्र पूर्ववत रहे। • पर्यावरण तथा समाज पर कृषि के आधुनिक तरीकों के नकारात्मक प्रभावों को देखते हुए, अनेक वैज्ञानिक और कृषक आंदोलन अब पारंपरिक कृषि विधियों तथा अधिक जैविक बीजों के प्रयोग की ओर लौटने की सलाह दे रहे हैं। (सावयवी) (कोई तीन)	
	खण्ड घ	
33.	**(क) जनसंख्या पिरामिड जनसंख्या अनुमान लगाने में कैसे मदद करते हैं?** **उत्तर.** पिरामिड संबंधित आयु समूहों के अनुमानित भावी आकार को दर्शाता है जो प्रत्येक आयु समूह की पुरानी संवृद्धि दरों के आँकड़ों पर आधारित है। ऐसे अनुमानों को भी कहा जाता है। 'प्रक्षेप' **(ख) 'जनसांख्यिकीय लाभांश' से भारत को कैसे लाभ मिलता है? अपने उत्तर के समर्थन में चार बिंदु लिखिए।** **उत्तर.** • आयु संरचना में अपेक्षाकृत छोटी आयु के वर्गों की ओर जो झुकाव पाया जाता है, उसे भारत के लिए लाभकारी माना जाता है। • यह लाभांश इस तथ्य के कारण मिल रहा है कि कार्यशील लोगों की वर्तमान पीढ़ी अपेक्षाकृत बड़ी है • उसे वृद्ध लोगों की अपेक्षाकृत छोटी पीढ़ी का भरणपोषण करना पड़ रहा है।- • लेकिन इस संभावना को वास्तविक संवृद्धि में तभी बदला जा सकता है जब कार्यशील आयु वर्ग में शिक्षा और रोज़गार के स्तरों में भी तदनुरूप वृद्धि होती जाए।	2 1+1+1+1=4
34.	**पर्यावरण आंदोलन प्रायः आर्थिक एवं पहचान के मुद्दों को भी साथ लेकर चलते हैं। विवेचना कीजिए।** **उत्तर.** • चिपको आंदोलन पर्यावरण आधारित सामाजिक आंदोलनों का एक अत्यंत सशक्त और ऐतिहासिक उदाहरण है। • सरकारी जंगल के ठेकेदार पेड़ों को काटने के लिए आए तो गाँववासी, जिनमें बड़ी संख्या में	1+1+1+1+1+1=6

	महिलाएँ शामिल थीं, आगे बढ़े और कटाई रोकने के लिए पेड़ों से चिपक गए। • इस संघर्ष ने गरीब गाँववासियों को आजीविका की आवश्यकताओं को बेचकर राजस्व कमाने की सरकार की इच्छा के समक्ष खड़ा कर दिया। • जीवन–निर्वहन की अर्थव्यवस्था, मुनाफे (लाभ) की अर्थव्यवस्था के विपरीत खड़ी थी। • प्राकृतिक जंगलों का काटा जाना पर्यावरणीय विनाश का एक रूप था जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र में विनाशकारी बाढ़ तथा भूस्खलन हुए। • गाँववासियों के लिए ये 'लाल' तथा 'हरे' मुद्दे अन्तः संबद्ध थे। • जबकि उनकी उत्तरजीविता जंगलों के जीवन पर निर्भर थी। वे जंगलों का सबको लाभ देने वाली पारिस्थितिकीय संपदा के रूप में भी आदर करते थे। (कोई छह)	
35.	**'आत्मसात्करणवादी' और 'एकीकरणवादी' नीतियों के बीच का अंतर बताइए। प्रासंगिक उदाहरणों के साथ रणनीतियों पर चर्चा कीजिए।** **उत्तर.** • आत्मसात्करण को बढ़ावा देने वाली नीतियों का उद्देश्य सभी नागरिकों को एक समान सांस्कृतिक मूल्यों और मानकों को अपनाने के लिए राजी, प्रोत्साहित या मजबूर करना है। यह मूल्य तथा मानक आमतौर पर संपूर्ण रूप से या अधिकांशतः प्रभावशाली सामाजिक समूह के होते हैं। समाज में अन्य अप्रभावशाली अथवा अधीनस्थ बनाए गए समूहों से यह आशा अथवा अपेक्षा की जाती है कि वे अपने सांस्कृतिक मूल्यों को छोड़ दें और निर्धारित मूल्यों को अपना लें। • एकीकरण को बढ़ावा देने वाली नीतियाँ शैली की दृष्टि से तो अलग होती हैं, पर उनका सर्वोपरि उद्देश्य भिन्न नहीं होता, वे इस बात पर बल देती हैं कि सार्वजनिक संस्कृति को सामान्य राष्ट्रीय स्वरूप तक सीमित रखा जाए, जबकि सभी संस्कृतियों को निजी क्षेत्र के लिए 'राष्ट्रीय–गैर' माने 'राष्ट्रीय संस्कृति' छोड़ दिया जाए। इस मामले में भी प्रभावशाली समूहों की संस्कृति को जाने का खतरा रहता है। आत्मसात्करणवादी और एकीकरणवादी रणनीतियाँ विभिन्न अंतःक्षेपी उपायों द्वारा एकल राष्ट्रीय पहचान स्थापित करने की कोशिश करती हैं... जैसेः • सम्पूर्ण शक्ति को ऐसे मंचों में केन्द्रित करना जहाँ प्रभावशाली समूह बहुसंख्यक हों और स्थानीय या अल्पसंख्यक समूहों की स्वायत्तता को मिटाना; • प्रभावशाली समूह की परंपराओं पर आधारित एक एकीकृत कानून एवं न्याय व्यवस्था को थोपना और अन्य समूहों द्वारा प्रयुक्त वैकल्पिक व्यवस्थाओं को खत्म कर देना; • प्रभावशाली समूह की भाषा को ही एकमात्र राजकीय के 'राष्ट्रभाषा' रूप में अपनाना और उसके प्रयोग को सभी सार्वजनिक संस्थाओं में अनिवार्य बना देना; • प्रभावशाली समूह की भाषा और संस्कृति को राष्ट्रीय संस्थाओं के जरिए, जिनमें राज्य नियंत्रित जनसंपर्क के माध्यम और शैक्षिक संस्थाएँ शामिल हैं, बढ़ावा देना;	2+4=6

	• प्रभावशाली समूह के इतिहास, शूरवीरों और संस्कृति को सम्मान प्रदान करने वाले राज्य प्रतीकों को अपनाना, राष्ट्रीय पर्व, छुट्टी या सड़कों आदि के नाम निर्धारित करते समय भी इन्हीं बातों का ध्यान रखना; • अल्पसंख्यक समूहों और देशज लोगों से ज़मीनें, जंगल एवं मत्स्य क्षेत्र छीनकर, उन्हें राष्ट्रीय ' घोषित कर देना। 'संसाधन (कोई चार)	